# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 20.04.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त चुनकू कोल पुत्र झुल्लू कोल निवासी उमरी थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को 50 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मानकिपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

50 क्वार्टर देशी शराब

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार थाना मानिकपुर
2.उ0नि0 श्री पवन चौधरी
3.आरक्षी जलील अहमद

**(3).** वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध पीड़ितों को

रोकथाम हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री राज कमल के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी, निरीक्षक श्री निशिकान्त राय तथा उनकी टीम द्वारा लगातार सार्थक प्रयास करते हुये श्रीराम जन्म भूमि ट्रस्ट के नाम पर साइबर ठगी के शिकार पीड़ित के 84,580/- रुपये अथक परिश्रम कर उनके खातों में वापस कराये गये हैं तथा इसके साथ-साथ 10 अन्य साइबर पीड़ितों के भी 4,26,386/- रुपये खातों में वापस कराये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली कर्वी अन्तर्गत ग्राम गोबरिया निवासी राहुल पाण्डेय द्वारा साइबर सेल में शिकायत की थी कि अज्ञात जालसाज द्वारा प्रार्थी से रामजन्म भूमि ट्रस्ट में दान लेने के नाम पर पीड़ित के मोबाइल में AnyDesk App डाउनलोड कराकर मेरे खाते से 99,980/- रुपये की ठगी की गयी थी।

साइबर सेल चित्रकूट ने प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर तकनीकी विश्लेषण एवं बैंकों से समन्वय स्थापित कर पीड़ित के खाते में 84,580/- रुपये वापस कराये गये। अपने रुपये वापस पाकर पीड़ित स्वयं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट को सम्मानित करने आये जिसपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा साइबर सेल में नियुक्त आरक्षी प्रशांत कुमार को बुलाकर कहा कि सम्मान असली फील्ड वर्कर का होना चाहिये, साइबर सेल में नियुक्त आरक्षी प्रशांत कुमार द्वारा आपके खाते के रुपये वापस कराने में मेहनत की है इन्हें ही सम्मानित किया जाये। इस पर साइबर फ्रॉड से राहत पाये व्यक्ति राहुल पाण्डेय उपरोक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट की उपस्थिति में आरक्षी प्रशांत कुमार को सम्मानित किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इसके साथ-साथ साइबर सेल में नियुक्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक श्री निशिकान्त राय, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी प्रशांत कुमार द्वारा अथक प्रयास करके अन्य 10 पीडितों का 4,26,386/- रुपया वापस कराया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में आम जनमानस द्वारा बैंक आने जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने के लिये व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आम जनमानस भी जिनके पास एन्ड्राइड मोबाइल उपलब्ध है आँन-लाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है। अतः आँन-लाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे व्यक्तियों को यह जानकारी जरुरी है कि कैसे-कैसे हम साइबर ठगी का शिकार हो सकते है और क्या सावधानी अपनायें की साइबर ठगी से बचा जा सके। जनपदीय साइबर सेल द्वारा लगातार लोगों को साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरुक किया जाता हैं एवं साइबर अपराध की शिकायत प्राप्त होने पर पीड़ितों की शिकायत दर्ज कर अथक प्रयास करते हुये सम्बन्धित बैंकों से समन्वय स्थापित कर पीड़ितों की धनराशि वापस करायी जाती है। साइबर अपराध पीड़ितों के रुपये वापस होने पर उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट एवं पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया गया।

**ऑनलाइन बैंकिंग, डिजिटल लेन-देन में सावधानी हटी दुर्घटना घटी, इसलिये सभी लोग सावधान रहें सतर्क रहें।**

**नोट- किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नं0 1930 पर तुरंत क़ॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर कम्पलेंट रजिस्टर करें या अपनें थाना के साइबर हेल्प डेस्क / जनपदीय साइबर सेल को तत्काल सूचना दें।**

**(4).** आज दिनांक 20.04.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद चित्रकूट से लगाये गये पुलिस बल की पुलिस लाइन्स स्थितच कान्हा सभागार में ब्रीफिंग की गयी। द्वितीय व तृतीय चरण के निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव डियूटी में लगे अतिरिक्त पुलिस बल को यात्रा तथा मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में हिदायत दी गयी साथ ही निर्देशित किया गया कि सतर्क एवं संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें यह एक महत्वपूर्ण ड्यूटी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें। किसी भी व्यक्ति के द्वारा मतदान के दौरान कोई अव्यवस्था की जाती है या मतदान को शान्तिपूर्ण वा निष्पक्ष होने से प्रभावित किया जाता है तो किसी भी दशा में उस व्यक्ति/अराजकतत्वों को रोकें तथा तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दें। बाद ब्रीफिंग अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट से बसों को हरी झण्डी दिखाकर पुलिस बल को रवाना किया गया।

इस दौरान चुनाव डियूटी में लगे समस्त पुलिस बल को लंच बॉक्स, रास्ते के लिये नास्ता एवं फर्स्ट-एड किट भी प्रदान की गयी एवं सभी से कहा गया कि कोई बस से रास्ते में नहीं उतरेगा, सभी कर्मचारीगण एक साथ गन्तव्य तक जायेंगे।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स श्री राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 01 वांछित व 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
(क). उ0नि0 श्री राहुल पाण्डेय थाना कोतवाली कर्वी तथा उनके हमराही आरक्षी आदित्य कुमार द्वारा मु0अ0सं0 63/2023 धारा 386,120बी,201,186,506/24 भादवि0 व ¾ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र मुन्नालाल निवासी शत्रुध्नपुरी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
(ख).उ0नि0 श्री इमरान खान थाना राजापुर तथा उनके हमराही आरक्षी प्रकाश मिश्रा द्वारा मु0नं0 4763/2014 धारा 323,506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त सुनील उर्फ सुशील पुत्र चन्द्रिका चौबे निवासी कन्या इण्टर कालेज के पास कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(6). आज दिनाँक 20.04.024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी यातायात श्री शैलेन्द्र सिंह द्वारा यातायात जागरुकता अभियान के अंर्तगत यातायात नियमों का उल्लघंन कर यात्रा करने वाले दो पहिया/चार पहिया/ई रिक्शा/आटो टैक्सी/टेम्पो वाहन चालकों से कुल 2,35,100 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया जिसमें नाबालिक द्वारा ई रिक्शा चलवाने वाले वाहन स्वामी का 35,000 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया साथ ही 02 टेंपो एवं 02 ई-रिक्शा कुल वाहनों को सीज किया गया। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए प्रभारी यातायात ने सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सड़क पर यात्रा कर रहे यात्री पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए उक्त ट्रैफिक नियमों का पालन करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए तैनात है कि किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो पाए इसीलिए सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह यातायात नियमों का पालन करें।